बिहार सरकार

## निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल

फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– **ceo_bihar@eci.gov.in**

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 08 अक्टूबर, 2025

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार द्वारा निर्वाचन संबंधी जागरूकता को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय शुभंकर (Mascot) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियाँ आमंत्रित करने की अंतिम तिथि 20 सितम्बर 2025 निर्धारित थी।

इस प्रतियोगिता में गूगल फॉर्म के माध्यम से राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 667 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। सभी प्रविष्टियों के गुणात्मक एवं कलात्मक विश्लेषण के उपरांत चयन समिति की बैठक दिनांक 29 सितम्बर 2025 को आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से दो कृतियों को पुरस्कार हेतु चयनित किया गया। चयन समिति द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया की समावेशी, पारदर्शी एवं सहभागी भावना को प्रदर्शित करने वाली दो उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पुरस्कृत किए जाने की अनुशंसा की गई हैः–

| क्र० | विजेता का नाम | जिला | कृति का शीर्षक | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राहुल कुमार | नालंदा | छोटी चिरैया | प्रथम पुरस्कार |
| 2. | श्री कृपा नाथ झा | मधुबनी | मतराज | द्वितीय पुरस्कार |

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय द्वारा दोनों विजेताओं को आगामी राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2026 को पुरस्कृत किया जाएगा।



कृति– कृपानाथ झा, मधुबनी
शीर्षक– मतराज, द्वितीय पुरस्कार



कृति– राहुल कुमार
शीर्षक– छोटी चिरैया, प्रथम पुरस्कार

***************